RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

shutterstock.com · 2105607560

• वर्ष : 32 • अंक : 42 • 24:02:2024 • शनिवार • मूल्य : 5/-

# सावधान ! एक बार फिर से करवट बदल रहा मौसम

### बारिश के बीच होगी बर्फबारी, 27 फरवरी तक अलर्ट जारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर भारत में मौसम तेजी से करवट ले रहा है। सर्दियां खत्म होने को हैं और गर्मी की आहट शुरू हो चुकी है। इस बीच, बारिश और बर्फबारी ने लोगों को चौंका दिया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) का कहना है कि बारिश व बर्फबारी का सिलसिला और कुछ दिनों तक जारी रहेगा। विभाग के मुताबिक, एक नया पश्चिमी विक्षोभ हिमालयी इलाकों से 24 फरवरी को टकराने वाला है। इसके चलते आगामी शनिवार से लेकर मंगलवार तक बरसात होने के आसार हैं। खास तौर से पश्चिमी इलाकों में इस दौरान हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, हिमाचल प्रदेश में 24-28 फरवरी के बीच बारिश होने की संभावना है। साथ ही ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी भी होगी। इसके अलावा, 26 फरवरी से 27 फरवरी के बीच अलग-अलग जगहों पर हल्की से मध्यम बरसात हो सकती है। अरुणाचल प्रदेश का हाल भी कुछ ऐसा ही है। यहां आज कुछ क्षेत्रों में तेज बारिश होने का अनुमान है।



### न्यूनतम तापमान सामान्य से रहेगा कुछ अधिक

आईएमडी के मुताबिक, 24 से 27 फरवरी के बीच ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, झारखंड और मध्य प्रदेश में गरज व बिजली के साथ छिटपुट से मध्यम बारिश होगी। इस दौरान पूर्वोत्तर भारत व गुजरात के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 2-4 डिग्री सेल्सियस ऊपर रहेगा। विभाग का कहना है कि अगले सप्ताह तक देश के किसी भी हिस्से में शीतलहर की स्थिति नहीं होगी। इसके अलावा, अगले सप्ताह देश के किसी भी हिस्से में घने कोहरे और ठंडे दिन के हालात नहीं बन रहे हैं। ऐसे में लोगों को ठंड से राहत मिलेगी और हल्की गर्मी भी महसूस हो सकती है। खासतौर से सुबह के वक्त मौसम सुहाना बना रहेगा।

## बाबा सिद्दीकी का बेटा बोला-कांग्रेस मुस्लिमों से भेदभाव करती है

### राहुल से मिलने के लिए मुझे 10 किलोग्राम वजन घटाने को कहा गया

**मुबंई (एजेंसी)।** मुंबई यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष पद से हटाए जाने के बाद जीशान सिद्दीकी ने गुरुवार (22 फरवरी) को कांग्रेस पर हमला बोला। जीशान ने दावा किया कि राहुल गांधी से मिलने के लिए उन्हें 10 किलो वजन घटाने के लिए कहा गया था। जीशान



बांद्रा ईस्ट से विधायक और वर्तमान में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी के बेटे हैं। बाबा सिद्दीकी ने 8 फरवरी को कांग्रेस से इस्तीफा दिया था। उन्होंने अजित पवार की एनसीपी जॉइन की थी। कांग्रेस ने 21 फरवरी को जीशान को मुंबई यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष पद से हटाया था। इसको लेकर जीशान सिद्दीकी ने कांग्रेस पर हमला बोला। जीशान ने कहा- नांदेड़ में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल के एक करीबी ने मुझसे कहा कि अगर उसने मिलना है तो वजन कम करना होगा।

## आर्मेनिया ने रूस के सैन्य गठबंधन से तोड़ा नाता

### पुतिन के 'धोखे' से नाराज था भारत का दोस्त, बड़ा झटकॉ

**येरेवन (एजेंसी)।** आर्मेनिया ने रूस के साथ अपना दो दशक से ज्यादा पुराना सैन्य गठबंधन खत्म कर लिया है। मॉस्को के नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन के हिस्से के साथ लगातार बढ़ती दरार के बाद आर्मेनिया ने ये फैसला लिया है। आर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पशिनियन ने इस बाबत जानकारी देते हुए कहा कि पूर्व सोवियत देशों के क्लब सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन (सीएसटीओ) ने उनके देश प्रति अपने सुरक्षा दायित्वों को पूरा नहीं किया है। इसे देखते हुए उन्होंने मूल रूप से सीएसटीओ में अपनी भागीदारी को रोक दिया है। पशिनियन ने रूस पर पड़ोसी देश अजरबैजान के साथ बढ़ते संघर्ष में हस्तक्षेप करने में विफल रहने का आरोप लगाया है, जो गठबंधन का सदस्य नहीं है। आर्मेनिया लोकतांत्रिक सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ काम करने पर विचार कर रहा है। ये तनाव बीते साल सितंबर में चरम पर पहुंचा था जब अजरबैजान ने आर्मेनिया समर्थित नार्गोनो-काराबाख के अलग हुए क्षेत्र को वापस लेने के लिए हमले किए। इससे 1,00,000 आर्मेनियाई लोगों के सामने पलायन की स्थिति खड़ी हो गई। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर ने इस क्षेत्र में एक शांति सेना तैनात की थी लेकिन इस हमले से पहले सेना यहां से हट गई थी। तब कहा गया था कि यूक्रेन में युद्ध में उलझा होने की वजह से रूस अपने सहयोगियों की रक्षा करने में कम इच्छुक है। इसने भी उसके आर्मेनिया के साथ चीजों को खराब करने नें भूमिका निभाई है।

## कांग्रेस ने बीजेपी पर लगाया 'हफ्ता वसूली' का आरोप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आयकर विभाग की हालिया कार्रवाई के बाद कांग्रेस पार्टी सत्तारूढ़ भारती जनता पार्टी (भाजपा) पर चुनावी चंदे को लेकर हमलावर है। कांग्रेस ने 30 बड़ी कंपनियों से भारी मात्रा में चंदा लेने का आरोप लगाते हुए केंद्रीय जांच एजेंसियों के द्वारा जांच कराने की मांग की है। कांग्रेस ने इसके लिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखा है।



कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इससे संबंधित कुछ रिपोर्टों का हवाला देते हुए लिखा, साल 2018-19 और 2022-23 के बीच भाजपा को चुनावी चंदे के रूप में सिर्फ 30 कंपनियों से लगभग 335 करोड़ रुपये मिले हैं। उन्होंने कहा, इन कंपनियों में से 23 कंपनियों ने भाजपा को कुल 187.58 करोड़ रुपये दिए। इन कंपनियों ने 2014 के बाद और रेड पड़ने से पहले भाजपा को किसी भी तरह का चंदा नहीं दिया था। कांग्रेस नेता ने कहा कि वे इन व्यापारिक घरानों के खिलाफ दर्ज मामलों या की गई कार्रवाई पर सवाल नहीं उठा रहे हैं।

# खुद के होश ठिकाने नहीं यूपी को कह रहे नशेड़ी

- **पीएम मोदी का राहुल गांधी पर बड़ा हमला, कहा- यूपी का नौजवान नशेड़ी नहीं वह तो विकसित यूपी बनाने में जुटा है**

**बनारस (एजेंसी)।** वाराणसी से सांसद बनने के बाद 44वीं बार काशी के दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निशाने पर कांग्रेस रही। काशी की धरती से जनता को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, कुछ लोगों ने मोदी को गाली देते-देते पूरा एक दशक बिता दिया है। राहुल गांधी का बिना नाम लेते हुए पीएम मोदी बोले-जिनके होश ठिकाने नहीं हैं, वह यूपी और काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे हैं। उन्हें नहीं पता है कि यूपी का नौजवान नशेड़ी नहीं वह तो विकसित यूपी बनाने में जुटा है। पीएम मोदी ने इस दौरान इंडी गठबंधन पर निशाना साधा। अखिलेश यादव की ओर इशारा करते हुए पीएम मोदी ने कहा, इंडी गठबंधन द्वारा यूपी के नौजवानों का काम कोई नहीं भूलेगा। परिवारवाद युवा हमेशा परिवारवादी युवा शक्ति से डरते हैं। सामान्य युवा को अवसर मिला तो वह हर जगह चुनौती देगी। इनको वही लोग पसंद आते हैं जो इनकी दिन रात जय-जयकार करते हैं। इनके गुस्से और बौखलाहट का एक और कारण है, इन्हें काशी का नया स्वरूप पसंद नहीं आ रहा है।



### 10 साल में बनारस ने हमें बना दिया बनारसी

काशीवासियों को को दुग्ध डेयरी के उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 10 साल पहले बनारस ने हमे सांसद बनाया और अब 10 साल बाद बनारस के लोगों ने हमे बनारसी बना दिया है। उन्होंने कहा, बिना बनारस आए मन नहीं भरता। काशी और पूर्वांचल में कुछ भी अच्छा होता है तो मुझे आनंद आता है। उन्होंने कहा, 10 साल में बनारस के विकास की स्पीड बढ़ी है। बनास डेयरी को लेकर पीएम मोदी ने कहा, मैंने 10 साल पहले बनास डेयरी का शिलान्यास किया था, आज उसका उद्घाटन हो गया है। उन्होंने कहा, मोदी की गारंटी आपके सामने है। मोदी की गारंटी यानी गारंटी का मतलब गारंटी की गारंटी है। उन्होंने कहा, बनास डेयरी से पूरे पूर्वांचल को फायदा होगा। इससे पशु पालकों की कमाई ज्यादा होगी।

# एसपी और एएपी से करार ममता बनर्जी का इंतजार !

### चर्चा को तैयार हुई कांग्रेस, अब झुकने लगी है पुरानी पार्टी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस की समाजवादी पार्टी के साथ उत्तर प्रदेश में सीट शेयरिंग पर मुहर लग चुकी है। गुरुवार को खबरें आई कि आम आदमी पार्टी के साथ दिल्ली में भी बात बनने के करीब है। इसी बीच कहा जा रहा है कि अब कांग्रेस ने महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी) चीफ उद्धव ठाकरे से भी बातचीत की तैयारी की है। इसके अलावा पार्टी पश्चिम बंगाल में सीटों का नया गणित भी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सामने पेश कर सकती है। हालांकि, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल को लेकर कांग्रेस की तरफ से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार, नेशनल कांग्रेस के फारुक अब्दुल्ला के अलग होने के बाद विपक्षी गठबंधन इंडिया की गाड़ी पटरी से उतरती नजर आ रही थी।

### हारी सीटों पर ध्यान, 100 कैंडीडेट की लिस्ट तैयार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) 2024 लोकसभा चुनाव में जीत के लिए हार वाली सीटों पर ज्यादा ध्यान लगा रही है। बीजेपी पिछले साल से ही 2019 में हारी गई सीटों के लिए प्लान बना रही है। ऐसी 160 सीटों पर भगवा दल लगातार नजर बनाए हुई है। सूत्रों के मुताबिक, इस महीने के अंत तक, भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 100 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर सकती है।

सूत्रों ने बताया कि इस सूची में देश के अलग-अलग हिस्सों, जैसे उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और तमिलनाडु की सीटें शामिल हो सकती हैं। ये सीटें वे हैं जिन्हें बीजेपी 2019 के चुनाव में हार गई थी।

# घर में महिलाओं के योगदान को पैसे में नहीं तोल सकते

### सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला, कहा-महिलाओं का योगदान अव्वल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने घर की महिलाओं और उनके काम को लेकर बड़ी टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने कहा कि होममेकर्स की आय को न्यूनतम मजदूरी कानून के तहत तय इनकम से कम नहीं माना जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि घर की महिलाओं का जो घर में योगदान है वह अमूल्य और बेहद अहम है। दरअसल, कोर्ट सड़क हादसे की शिकार एक महिला को मोटर वीइकल एक्ट के तहत दिए गए मुआवजे को बढ़ाने का आदेश देते हुए ये बातें कहीं। जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि होममेकर्स का जो घर में योगदान है उसका आकलन पैसे के तौर पर करना बेहद कठिन है। उन्होंने कहा कि महिला का अपने घर में योगदान बेहद उच्च है और वह अमूल्य है। साथ ही कहा कि होममेकर्स का रोल बेहद महत्वपूर्ण होता है। महिला जो योगदान घर में देती है अगर उसका एक-एक कर आकलन शुरू किया जाए तो इसमें संदेह नहीं है कि उसका योगदान बेहद अव्वल है और वह अमूल्य योगदान है। सुप्रीम कोर्ट में एक महिला के दुर्घटना का मामला सुना जा रहा था। महिला के पति और बच्चों की ओर से अर्जी दाखिल की गई थी। 50 साल की महिला की कार एक्सीडेंट में मौत हुई थी।

# भाजपा,सांसद और विधायक के निधि से हुए कार्यों की भी जांच हो-माले

**चाणक्य भूमि। बेतिया**

**माले नेताओ ने सांसद विधायक के बाद अब पंचायत प्रतिनिधियों को प्रभाव में लेने के लिए जांच ऐजेंसियों का दुरूपयोग कर रही है भाजपा । उक्त बातें प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भाकपा माले नेता सुनील कुमार राव ने कही**



जिस तरह केंद्र सरकार द्वारा अपने प्रभाव में लेने के लिए अपने राजनीतिक विरोधियों/ दलों/ सरकारों/ सांसदों/ विधायकों को चुनचुन कर केंद्रीय जांच एजेंसियों C. B. I.एवं E. D. से जांच करा दुरूपयोग किया जा रहा है जो सर्व विदित है। उसी तर्ज पर भाजपा पंचायत प्रतिनिधियों को भी प्रभाव में लेने के लिए केंद्रीय और जिलों की जांच ऐजेंसियों का दुरूपयोग शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में अपने चहेते को जिला परिषद अध्यक्ष बनाने में नाकामयाब रहे चंपारण सांसद और भाजपा के पुर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने केंद्रीय प्राक्कलन समिति को आवेदन देकर जिला परिषद के वर्तमान अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के क्षेत्र में हुए विकास कार्यों को जांच के लिए दिया है ।जिसको लेकर केंद्रीय टीम पहले बगहा और फिर बैरिया में जांच कर रही थी । जिसमें पुर्व मंत्री और नौतन विधायक नारायण प्रसाद के पुत्र नीरज कुमार उर्फ बब्लू जांच स्थल पर सरकारी सुरक्षा गार्ड और भाजपा का झंडा लगाकर पहुंच जाँच में सहयोग कर रहे ग्रामीणों से उलक्ष गए जिसपर आक्रोशित लोगों ने उनको वहां से यह कहते हुए खदेड़ दिया कि आठ वर्षों में आपके पिता द्वारा एक भी काम नहीं कराया गया और दुसरे के कार्यो में दखल देते फिरते है। उसी तरह नीरज कुमार द्वारा बैरिया मुखिया पर भी आवेदन देकर दबाव में रखने के प्रयास में है। इसके पुर्व में भी बगहीं बघंबरपुर के मुखिया मनोज प्रसाद को भी प्रभाव में लेने का प्रयास किया गया। जब वे प्रभाव में नहीं आए तो उनका सदस्यता गलत ढंग से रद्द करा दिया गया। पुर्व में भी इनके द्वारा गरीब जनता पर अत्याचार किया गया है तो जनता ने उन्हें खदेड़ा है। भाकपा माले भाजपा सांसद और विधायक के कार्र्वाई की तिखी निंदा करता है जिसमें अपने राजनीतिक विरोधी दलों से जुड़े प्रतिनिधियों / लोगों को चुनचुन कर निशाना बनाया जा रहा है। प्रेस कॉफ़्फ़्रेंस कर भाकपा माले नेता सुनील कुमार राव ने कहा। माले नेता व मुखीया नवीन कुमार ने कहा कि भाजपा के सांसद और विधायक अपने गिरेबान में झांक कर देख लें जिनके विकास निधि से होने वाले काम सबसे घटिया गुड़वत्ता के होते हैं। अगर दम है तो अपने अपने क्षेत्र के अपने अपने द्वारा अनुसंसित कार्यों के गुड़वत्ता की जांच करा लें।

# सऊदी अरब के 'मिशन 2030' में भारत सबसे अहम

**● रिझाने के लिए दे रहा फ्री वीजा, अन्य क्षेत्रों पर भी फोकस ● मिशन 2030 में अपनी पहली पसंद भारतीयों को बताया**

**रियाद (एजेंसी)।** तेल के कुओं के लिए दुनियाभर में मशहूर गल्फ कंट्री सऊदी अरब मिशन 2030 की तरफ लगातार आगे बढ़ रहा है। अपनी अर्थव्यवस्था में तेल और गैस पर निर्भरता कम करने के लिए रियाद ने अन्य क्षेत्रों पर भी फोकस करना शुरू कर दिया है।

पिछले तीन साल से सऊदी अरब पर्यटन पर काम कर रहा है। उसने अर्थव्यवस्था में तेल के विकल्प के तौर पर्यटन को आगे रखने का फैसला लिया है। इसके लिए उसकी पहली पसंद हैं- भारतीय। इसके लिए सऊदी अरब का लक्ष्य है कि साल 2030 तक उसके देश में कम से कम 7.5 मिलियन भारतीय पर्यटकों की आवक हो। भारतीयों को रिझाने के लिए वह लगातार विभिन्न कार्यक्रम भी लॉन्च कर रहा है- जिसमें फ्री वीजा भी शामिल है। सऊदी पर्यटन प्राधिकरण के अध्यक्ष अलहसन अलदाबाग ने समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में कहा कि हमने सऊदी अरब को पर्यटन के क्षेत्र में आगे करने के लिए भारतीयों पर खास फोकस किया है। हमारा लक्ष्य है कि साल 2030 तक भारत के 7.5 मिलियन लोग देश का दौरा करें। उनका कहना है कि सऊदी अरब में तेल के कुएं तेजी से खत्म होते जा रहे हैं, इसलिए जल्द ही उन्हें



अर्थव्यवस्था के अन्य विकल्पों पर भी ध्यान देना होगा। देश की अर्थव्यवस्था पर तेल की निर्भरता कम करनी होगी। रियाद ने आगामी वर्ष 2030 तक लक्ष्य रखा है कि उसकी जीडीपी में 56 फीसदी योगदान गैर तेल संसाधनों से आए। इसके लिए रियाद की सबसे पहली और आसान चॉइस है- पर्यटन। देश को पर्यटन की दृष्टि से लोकप्रिय और विदेशियों की पसंद बनाने के लिए सऊदी अरब न सिर्फ अपने देश के कानूनों में विदेशियों के लिए ढिलाई देने को राजी है बल्कि, 96 घंटे तक फ्री वीजा की योजना भी शुरू करने जा रहा है। अलदाबाग का कहना है कि अगर हम सोच रहे हैं कि 2030 तक अपनी जीडीपी में गैर तेल संसाधनों में अधिक से अधिक योगदान हो तो इसके लिए पर्यटकों का बड़ी संख्या में आना जरूरी है। इसके लिए सऊदी अरब की पहली पसंद भारतीय हैं। उनका कहना है कि भारत में जनसंख्या काफी ज्यादा है।

यहां का बाजार और विविधता से भरा हुआ है। यहां विभिन्न संप्रदाय के लोग रहते हैं। इसलिए सऊदी अरब को पर्यटन देश के रूप में स्थापित करने के लिए जरूरी है कि अधिक से अधिक भारतीय देश घूमने के लिए आएं। इसके लिए हमने कुछ योजनाएं तैयार की हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### रील बनाने के दौरान ट्रेन से गिरा युवक,कटकर हुई मौत




**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर जंक्शन से होकर गुजर रही एक पैसेंजर ट्रेन के दरवाजे पर खड़े होकर रील बनाने के दौरान युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। पूरा मामला मुजफ्फरपुर जंक्शन से सटे बीबीगंज और माड़ीपुर के बीच का बताया जा रहा है। 05266 पैसेंजर ट्रेन में सवार एक युवक रील बनाने के दौरान संतुलन बिगड़ने से ट्रेन से नीचे गिर गया और उसी ट्रेन की चपेट आकर कट गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना जिले के बीबीगंज फाटक नंबर दो के समीप हुई है। जहां, पाटलीपुत्रा से दरभंगा पसेंजर ट्रेन में सवार एक युवक रील बना रहा था। वह अचानक अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया। जिसके बाद वह ट्रेन की चपेट में आ गया। जिसे उसकी दर्दनाक हो मौत हो गई। घटना के बाद आसपास लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगो के द्वारा युवक के रेल से कटने की जानकारी रेल थाने की को दी गई। मृत युवक की पहचान मोहम्मद रौजिद के 22वर्षीया पुत्र मोहम्मद औरंगजेब सीतामढ़ी जिले के रुन्नीसैदपुर निवासी के रूप में हुई है। रेल थाने के पुलिस कर्मी ने बताया कि सेल्फी लेने के दौरान युवक की मौत हुई है। इस संबंध में मृतक के परिजनों को घटना के संबंध में जानकारी दे दी गई है। फिलहाल जीआरपी मुजफ्फरपुर की टीम ने घटनास्थल पहुंच कर युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच मेडिकल कॉलेज भेज दिया है।

### भाई-बहन के झगड़े में आशिक पहुंचा अस्पताल

**भागलपुर/कहलगांव , एजेंसी।** घोघा बाजार गांव में भाई-बहन के झगड़े में तीसरे की इंट्री से माहौल बिगड़ गया। चले लाठी-डंडे से तीसरा आदमी आदर्श नगर फुलकिया निवासी धर्मवीर कुमार घायल हो गया। वह लड़की का आशिक है। ग्रामीणों के अनुसार झगड़े के बीच लड़क ने आशिक को फोन से बुला लिया। वह लाठी लेकर आया और भाई को पीटने लगा। इसे देख आसपास के लोगों ने धर्मवीर की पिटाई कर दी। सूचना पाकर घोघा थाना की पुलिस ने पहुंचकर उसे अस्पताल पहुंचाया। मायागंज में उसका इलाज चल रहा है। घटना दो दिन पूर्व की है। गुरुवार को एसडीपीओ ने प्रेसवार्ता में इसकी जानकारी दी। मारपीट कर ज़ख्मी दिया तथा रश्मि के ऊपर तेजाब छिड़कने की बात प्रकाश में आई है पीड़ित का इलाज मायागंज में चल रहा है पीड़ित के द्वारा आवेदन या फर्द के अधार पर अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं। दूसरी तरफ मार पीट मे घायल ललन का भी उपचार मायागंज में चल रहा है.हलांकि घटना दो दिन पूर्व की है गुरूवार देर रात कहलगॉव एसडीपीओ द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी गई।

### छपरा में स्वर्ण व्यवसायी के सीने में मारी गोली, मौत

**छपरा, एजेंसी।** छपरा में गुरुवार की देर शाम एक स्वर्ण व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद अपराधी फायरिंग करते हुए फरार हो गया। घटना मढौरा थाना क्षेत्र के तेजपुरवा गांव की है। मृतक की पहचान तेजपुरवा निवासी संजय सोनी( 40 ) के रूप में हुई है। व्यवसायी को अपराधियों ने घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर गोली मारी है। घटना के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। गुरुवार देर रात शव को मढ़ौरा छपरा मुख्य मार्ग पर रख जाम कर दिया। इस दौरान आगजनी भी की, जिससे सड़क जाम की समस्या बन गई। प्रदर्शन कर रहे लोग वरीय पुलिस पदाधिकारियों के मौके पर आने की मांग कर रहे थे। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और लोगों को शांत कराया। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक संजय सोनी की तेजपुरवा बाजार में ज्वेलरी दुकान है। दुकान बंद कर वह घर लौट रहे थे। इसी दौरान घात लगाए अपराधियों ने घर के पास ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इससे संजय के सीने में गोली लगी और मौके पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया। मढौरा थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि तेजपुरवा बाजार के पास हत्या हुई है। मामला आपसी रंजिश का लग रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर किया जाएगा।

### ऑटो चलाकर बेटी को पढ़ाने का सपना रह गया अधूरा

**भागलपुर/अकबरनगर, एजेंसी।** इंग्लिश चिचरौंन की छात्रा साक्षी कुमारी (18) की कहलगांव के एएनएम स्कूल में संदिग्ध अवस्था में मौत के बाद गांव में कोहराम मच गया। मौत के बाद परिवार वालो का रो-रोकर बुरा हाल हो गया था। छात्रा की मां अंजू देवी स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाकर जहर देकर मारने की बात कह रही थी। मां व छोटी बहन रो-रोकर बेहोश हो जाती थी। साक्षी हाई स्कूल खेरेहिया से 2021 में मैट्रिक व स्कूल में एनसीसी और 23 में इंटर विज्ञान से प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की थी। पॉलीटेक्निक में भागलपुर में कंप्यूटर साइंस में उनका चयन हुआ परंतु उसे डॉक्टरी सेवा ही पसंद था इसलिए उसने कंप्यूटर साइंस में एडमिशन नहीं लिया। पारा मेडिकल में उसका चयन एएनएम स्कूल कहलगांव में हुआ और एएनएम कोर्स करने लगी।

# तेजस्वी को सुनने के लिए बेकाबू हुई भीड़

## तोड़ डाली कुर्सियां





**जगदीशपुर, आरा , एजेंसी।** पूर्व उप मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव की जनविश्वास यात्रा गुरुवार को आरा के भोजपुर पहुंची। जगदीशपुर स्थित नयका टोला मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी ने 17 साल बनाम 17 माह के कार्यकाल की तुलना की। इस दौरान तेजस्वी का भाषण सुनने के लिए भीड़ बेकाबू हो गई। और मची भगदड़ में कुर्सियां तक तोड़ डाली। विश्वास यात्रा के दौरान तेजस्वी यादव के पहुंचते ही भीड़ अनियंत्रित हो गयी। सुरक्षा के मद्देनजर डी एरिया बनाया गया था, लेकिन वो ध्वस्त हो गया और भीड़ मंच तक पहुंच गयी। भीड़ को लेकर तेजस्वी यादव मंच से लोगों को सावधान करने की अपील करते रहे।

इससे पहले आरा-छपरा फोरलेन पर जन विश्वास यात्रा को लेकर जगदीशपुर जाने के दौरान पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के स्वागत के लिए खड़े बड़हरा प्रखंड के राजद कार्यकर्ताओं के पास गाड़ियों का काफिला नहीं रुकने से मायूसी छा गई। राजद कार्यकर्ता प्रखंड के बबुरा व कोल्हरामपुर गांव के समीप बड़ी संख्या में फूल-माला लेकर खड़े थे। तेजस्वी यादव ने महागठबंधन सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि छोटी सी अवधि में पांच लाख युवाओं को नौकरी दी गई है। यह देख अब सभी नौकरी देने की बात कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से 2024 के लोकसभा चुनाव व 2025 के विधानसभा चुनाव के लिए विश्वास जताने की अपील करते हुए कहा कि जब डिप्टी सीएम रहते इतनी बड़ी संख्या में नौकरी दे सकते हैं तो मौका मिलेगा तो बेरोजगारों के दुःख-दर्द को दूर करने का काम करेंगे। टोला सेवक, विकास मित्र, आंगनबाड़ी व ममता, जीविका दीदी आदि का मानदेय बढ़वाया। राजद पिछड़ा, दलित, अगड़ा सबको साथ लेकर चलेगी। हमारी ए टू जेड की पार्टी है। हम आपकी लड़ाई लड़ने आये हैं। जातीय गणना का जिक्र करते हुए कहा कि महागठबंधन सरकार में ऐतिहासिक काम हुआ है। खेल, आईटी व टूरिज्म पॉलिसी बनी। इसका लाभ बिहार को मिल रहा है। भाजपा पर तंज कसते हुए तेजस्वी ने कहा कि 17 साल में इन लोगों ने कुछ नहीं किया है। इनके खिलाफ लड़ाई लड़नी है। लोगों से इस लड़ाई में साथ मांगते हुए भाजपा भगाओ-देश बचाओ का नारा लगवाया। भाजपा महंगाई लायी है। कहा कि चुनाव में भाजपा को सबक सिखाना है। यात्रा में राज्यसभा सांसद मनोज झा भी थे। अध्यक्षता माले के वरीय नेता विनोद कुश्वाहा ने की व संचालन राजद जिलाध्यक्ष बीरबल यादव ने किया। तेजस्वी यादव के पहुंचने के पूर्व में सभा को जगदीपुर विधायक रामविशुन सिंह लोहिया, शाहपुर विधायक राहुल तिवारी, तरारी विधायक सुदामा प्रसाद, राजद के भोजपुर प्रभारी विधायक राकेश रौशन, पूर्व केंद्रीय मंत्री कांति सिंह, पूर्व विधान पार्षद लालदास राय, पूर्व लोस प्रत्यासी राजू यादव, पूर्व विस प्रत्याशी कयामुद्दीन अंसारी, जिप अध्यक्ष आशा पासवान, कांग्रेस प्रवक्ता वीरेंद्र मिश्र, पूर्व जिप सदस्य गोरख यादव, सुरेश पहलवान, मुकेश यादव, अनिल सम्राट, भोला खान, केश्वर,आलोक रंजन, अजीत यादव सहित अन्य ने संबोधित किया।



# 6 ट्रकों से लूटपाट खलासी को मारी गोली

**बालू घाट से बालू लेकर मधुबनी जा रहे थे, अपराधियों ने पहले डंडे से पीटा फिर चलाई गोली**

**आरा (भोजपुर), एजेंसी।** आराङ्क्षछपरा फोरलेन कोईलवर थाना क्षेत्र में लगभग दस की संख्या में अपराधियों ने आधा दर्जन ट्रकों से लूटपाट किया। वही, लूटपाट का विरोध करने पर एक ट्रक खलासी को गोली मार दी। जख्मी खलासी को गोली दाहिने साइड सीने के ठीक ऊपर लगी है। गोली मारने के बाद जख्मी हालत खलासी को सड़क से दूर ले जाकर खेत में फेक दिया। इसके बाद ट्रक चालक ने इसकी सूचना कोईलवर थाना पुलिस को दी। जख्मी हालत में चालक के मदद से उसे इलाज के लिए कोईलवर पीएचसी ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में उसे आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जख्मी खलासी मधुबनी जिले के सकरी थाना क्षेत्र के सकरी गांव निवासी राम खेलावन पासवान के 28 वर्षीय पुत्र रामदेव पासवान है । वह पेशे से ट्रक खलासी है। मामले में ट्रक चालक किशन महतो ने बताया कि वह गुरुवार की रात सहार थाना क्षेत्र के ननउर बालू घाट से बालू लोड कर मधुबनी जिले सकरी गांव जा रहा था ।

### विरोध करने पर डंडे से की पिटाई

इसी बीच जमालपुर गांव के समीप ट्रकों की लाइन लगी हुई। उसी जाम में मेरा भी ट्रक लगा हुआ था, तभी आठ से दस की संख्या में अपराधियों द्वारा दूसरे ट्रकों में लूटपाट करने लगे। इसी बीच कुछ अपराधी हमारे ट्रक के पास आ धमके और लूटपाट करने लगे। ट्रक में रखे करीब 20 हजार रूपए, एक मोबाइल लूट लिया। जब हमलोगों ने इसका विरोध किया तो पहले डंडे से पिटाई की, उसके बाद रामदेव को कुछ दूरी पर घसीटकर ले जाकर उसे गोली मार दी। जिससे खून से लथपथ होकर गिर पड़ा। काफी खोजबीन के बाद उसे मौके से इलाज के लिए अन्य लोगों की मदद से सदर अस्पताल लाया गया। वहीं, दूसरी ओर ट्रक चालक किशन महतो ने लूटपाट के दौरान दस के संख्या में आए अपराधियों पर खलासी रामदेव को गोली मारने का आरोप लगाया है। इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद कोईलवर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है ।

# 30 शहरों के ग्रामीण इलाकों में मकान बनाने का नियम बदला, अब मुखिया नहीं पास करेंगे नक्शा



**पटना, एजेंसी।** नगर विकास एवं आवास विभाग ने राज्य के 30 शहरों के प्लानिंग एरिया (आयोजना क्षेत्र) के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में भी बिल्डिंग बाइलॉज के प्रावधान लागू कर दिये हैं. विभाग के इस निर्णय के बाद अब प्लानिंग एरिया के ग्रामीण इलाकों में बिल्डिंग ले-आउट का नक्शा पास कराने के लिए संबंधित आयोजना क्षेत्र प्राधिकार के सीइओ (मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी) के समक्ष आवेदन करना होगा. नक्शे की स्वीकृति के लिए उनको सक्षम प्राधिकार बनाया गया है. अभी तक इन शहरों से सटे ग्रामीण इलाकों का नक्शा मुखिया के स्तर पर पास हो जाता था. नगर विकास एवं आवास विभाग ने इससे जुड़ी अधिसूचना जारी करते हुए इसे तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया है.

### बिल्डिंग बायलॉज के तहत मिलेगी भवनों के निर्माण की मंजूरी

विभागीय जानकारी के अनुसार, इन 30 शहरों के आयोजना क्षेत्र में शामिल ग्राम पंचायतों में भवन या ले-आउट योजना के नक्शे की स्वीकृति मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी देंगे. नक्शे की स्वीकृति के लिए आवेदन संबंधित शहर के आयोजना क्षेत्र प्राधिकार कार्यालय से प्राप्त किया जायेगा. मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी नक्शे की स्वीकृति के पहले जांच और सत्यापन कर संतुष्ट हो लेंगे, उसके बाद ही बिल्डिंग बायलाज के नियमों के तहत आवेदन स्वीकृत किये जायेंगे. संबंधित प्राधिकार के शहरी क्षेत्र में बिहार भवन उपविधि पहले से प्रभावी है और यहां नक्शे की स्वीकृति पहले की तरह ही नगर आयुक्त या कार्यपालक पदाधिकारी के पास होगी.

### शहरों के सुनियोजित विकास को बनाये गये आयोजना प्राधिकार

विभाग ने शहरों के सुनियोजित विकास के लिए राज्य के सभी जिला मुख्यालय वाले शहरों का आयोजना क्षेत्र तय किया है. इसमें मुख्य शहर के आसपास के ग्रामीण इलाकों को भी शामिल किया गया है, जहां शहर का विस्तार हो गया है या हो सकता है. पटना के आयोजना क्षेत्र में शामिल ग्रामीण इलाकों में यह आदेश पहले से प्रभावी है.

### इन आयोजना क्षेत्र में लागू होगा आदेश

भागलपुर, हाजीपुर, सोनपुर, बक्सर, किशनगंज, कटिहार, सासाराम, डेहरी, मोतिहारी, औरंगाबाद, जमुई, सिवान, बेतिया, बगहा, लखीसराय, खगड़िया, अररिया, फारबिसगंज, सीतामढ़ी, भभुआ, मधुबनी, शिवहर, जहानाबाद, अरवल, मधेपुरा, नवादा, गोपालगंज, बांका, सुपौल व शेखपुरा.

# दंपती की बेहरमी से पिटाई, दांत से काटाश्शेड बनाने के लिए मायके से लाई थी पैसे



**आरा( भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र में आपसी विवाद में भैसुर गोतनी ने देवर-देवरानी की पिटाई कर दी। गुरुवार की देर शाम कर्ज चुकाने के पैसे नहीं देने के विवाद को लेकर देवर-देवरानी की लात-घुसे और डंडे से मार कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। इस दौरान भतीजे ने अपनी चाची को पहले थप्पड़ से चेहरे पर मारकर बुरी तरह जख्मी कर दिया। इसके बाद उसके पीठ पर दांत से नोच लिया। मामला शांत होने के बाद पीड़ित महिला ने इस घटना की जानकारी अपने मायके वालों को दी। उसके बाद इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल गया। पीड़ित महिला बिहिया थाना क्षेत्र संडौर गांव निवासी 30 वर्षीय अख्तर अली एवं 22 वर्षीय पत्नी सोनी खातून है। इनकी शादी वर्ष 2018 में हुई थी,सोनी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रामदेव छपरा की रहने वाली है। सोनी के दो बेटी सबानू एवं सुमेगा है। इधर,पीड़िता ने बताया कि उनके पति रिक्शा चलाने का काम करते है। सोनी ने बताया कि उसके किचन के छत का सेड टूट गया था। पति के पास पैसा नहीं होने के कारण वो अपने मायके वालों से पचास हजार रुपए की मदद ली थी। सोनी ने बताया कि उनके गोतनी-भैसुर दूसरे लोगों से करीब दो से तीन लाख में रुपए कर्ज लिए थे। जैसे ही ससुराल में पैसे लाने की जानकारी मेरे भसूर गोतनी मिली तो उनलोगों के द्वारा कर्ज चुकाने के लिए पचास हजार रुपए की मांग की जाने लगी। जब पैसा देने से मना किया तब उक्त लोगों के द्वारा घर में घुसकर लात-घुसे से जमकर पिटाई की । इसके बाद दांत काट लिया गया।

### माइकिंग के बाद उर्दू विद्यालय में पढ़ने पहुंचे छात्र

**भागलपुर/सबौर, एजेंसी।** प्रखंड क्षेत्र के लोदीपुर पंचायत स्थित तहबलपुर चौक के समीप उर्दू विद्यालय लोदीपुर में गुरुवार को शिक्षा विभाग के माइकिंग व अभिभावकों को जागरूक करने का असर पड़ा। छात्र विद्यालय पढ़ने के लिए पहुंचे हालांकि अन्य विद्यालय खुलने के बाद कुछ बच्चे आ रहे थे, लेकिन उर्दू विद्यालय में एक भी बच्चा नहीं आ रहा था। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी दिव्या श्री राय ने कहा कि अन्य विद्यालय में छात्र कम संख्या में आ रहे थे लेकिन उर्दू विद्यालय में छात्र नहीं आ रहे थे। माइकिंग से अभिभावकों को प्रेरणा मिली। मालूम होगी तहबलपुर चौक के समीप प्रतिमा विसर्जन करने को लेकर पांच दिन पूर्व बवाल के बाद विद्यालय सहित अन्य दुकान व मेडिकल आम दिनों के रूप से नहीं खुलती थी।

## 400 सीटों पर होगी बहाली, 15 हजार 250 रुपए मिलेगी सैलरी

# बेरोजगार युवाओं के लिए सुनहरा मौका 27 फरवरी को लगेगा जॉब कैंप




**दरभंगा, एजेंसी।** नियोजन पदाधिकारी, अवर प्रादेशिक नियोजनालय, दरभंगा मृणाल कुमार चौधरी द्वारा बताया गया कि श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार के द्वारा अवर प्रादेशिक नियोजनालय, दरभंगा के माध्यम से 27 फरवरी मंगलवार को आई.टी.आई, रामनगर के निकट संयुक्त श्रम भवन, लहेरियासराय के कार्यालय परिसर में दिन के 11ः00 बजे से शाम 03ः00 बजे तक जॉब कैम्प का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि उक्त जॉब कैम्प में केएम के लिए कुल - 400 रिक्तियों पर इंटरव्यू के बाद चयनित युवाओं को रोजगार दिया जाएगा, जिसमें पुरुष अभ्यर्थियों की उम्र सीमा 19 से 29 वर्ष तथा महिला अभ्यर्थियों की उम्र सीमा 18 से 34 वर्ष निर्धारित किया गया है।

### 12वीं और ग्रैजुएट युवाओं का होगा चयन

उन्होंने बताया कि नियोजक द्वारा 12वीं और स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की बहाली की जाएगी। उन्होंने कहा कि नियोजकों द्वारा अभ्यर्थियों का चयन के बाद 15,250 रुपया दिया जाएगा। नियोजक द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर, शिवहर, मुजफ्फरपुर एवं बिहार के सभी जिले में रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।उन्होंने कहा कि रोजगार के लिए अभ्यर्थी के पास दो पहिया वाहन एवं ड्राइविंग लाइसेंस होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सभी इक्षुक युवा उक्त मेला में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर का लाभ उठा सकते हैं। उक्त जॉब कैंप में भाग लेने हेतु अभ्यर्थियों के लिए नियोजनालय निबंधन अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि इच्छुक अभ्यर्थी भारत सरकार के एनसीएस पोर्टल पर जाकर खुद से या इस नियोजनालय में आकर निबंधन करा सकते हैं। अभ्यर्थी अपना बायोडाटा, सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र, 05 रंगीन फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक एवं अन्य प्रमाण पत्र के साथ जॉब कैंप में भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि जॉब कैम्प में भाग लेना पूर्णतः निःशुल्क है।



# चलती ट्रेन से कूदी महिला,दवा लाने जा रही थी कोईलवर, ट्रेन खुलते ही लगाई छलांग

**आरा( भोजपुर), एजेंसी।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर गुरुवार को ट्रेन से गिरकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद आरा आरपीएफ के द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। इसके बाद पुलिस द्वारा इसकी सूचना उसके परिजनों को दी गई। वही सूचना पाकर परिजन भी आरा सदर अस्पताल पहुंचे। जानकारी के अनुसार घायल महिला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पिपरहियां गांव निवासी उपेंद्र राय की 40 वर्षीया पत्नी रिंकू देवी है। इधर, घायल महिला के देवर आनंद ने बताया कि उनकी दिमागी हालत कुछ महीनों से ठीक नहीं है। जिसको लेकर उनका कोईलवर स्थित मेंटल अस्पताल से उनका इलाज भी कराया जा रहा है। इसी क्रम वह अकेले ही अपना दवा लाने के लिए आरा रेलवे स्टेशन ट्रेन पड़कर कोईलवर जा रही थी। उसी दौरान वह चलती ट्रेन से गिर पड़ी और गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसके बाद उन्हें रेल पुलिस द्वारा इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया और पुलिस द्वारा ही इसकी सूचना हम लोगों को दी गई। बताया जाता है कि ट्रेन खुलने से पहले महिला ट्रेन के अंदर बैठी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### लोकसभा चुनाव को लेकर चार दर्जन लाइसेंसी हथियारों का हुआ भौतिक सत्यापन



**छपरा**। मशरक थाना परिसर में लोकसभा चुनाव को लेकर सारण डीएम के निर्देश पर थाना में लाइसेंसी हथियारों के भौतिक सत्यापन का कार्य चरम पर है। सीओ सुमंत कुमार ने बताया कि चार दर्जन लाइसेंसी शस्त्र धारकों के शस्त्रों का भौतिक सत्यापन किया गया है। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर इलाके में शांति व्यवस्था को देखते हुए लाइसेंसी हथियार रखने वाले लाइसेंस धारी का सत्यापन किया जा रहा है। जांच के दौरान ना सिर्फ शस्त्रों का बल्कि कारतूसों का भी सत्यापन किया जा रहा है। सीओ सुमंत कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने लाइसेंसी हथियार रखने वालो को सत्यापन कराने का निर्देश जारी किया है। थाना क्षेत्र में जितने भी लाइसेंसी बंदूकधारी हैं वे सभी थाने मे पहुंच कर सत्यापन करा रहे है। अन्यथा उनके लाइसेंस को रद्द करने के लिए जिला को लिखा जाएगा।

### बाइक की चोरी, प्राथमिक दर्ज

**बेतिया**। इनरवा थाना के शाहपुर परसौनी गांव में घर के गैरेज मे रखें स्प्लेंडर बाइक चोरी कर लेने के मामलें में केस दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि मनीफ गद्दी के आवेदन पर अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच पडताल शुरू कर दी गई है।

### शराब धंधेबाज गिरफ्तार

**बेतिया**। मैनाटांड़ पुलिस अंचल क्षेत्र के अलग-अलग थाने की पुलिस ने कुल 13 लीटर शराब के साथ दो धंधेबाजों को धर दबोचा है। मानपुर थानाध्यक्ष अजय कुमार चौधरी ने बताया कि सहनौला गांव के प्रयाग उरांव को 5 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। वही मैनाटांड थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि सुखलही गौरीपुर से 8 लीटर शराब के साथ अवधेश मांझी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### नगर परिषद अध्यक्ष ने किया डिजनीलैंड मेला का उद्घाटन

**नवादा**। नगर परिषद क्षेत्र के सरकारी आई.टी.आई, अतौआ मोड के समीप डिजनीलैंड मेला का उद्घाटन नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी देवी एवं पूर्व अध्यक्ष संजय साव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।इस अवसर पर आयोजनकर्ता ने बताया कि इसमे आप अपने बच्चों एवं अपने पुरे परिवार का आनन्द उठा सकते है । इसमें आपके मनोरंजन के लिए अनेक प्रकार के झूले जैसे - टोरा-टोरा, टावर झूला ब्रेक झूला, डांस झूला, नौका झूला एवं जादू सम्राट का आनन्द उठा सकते है । विशेष आकर्षन मौत का कुआँ एवं बच्चे के मनोरंजन के लिए मिक्की माउस, मारूती झूला जीप जहाज लगे है । और साथ में आए अपने परिवार के साथ खरीदारी भी कर सकते है । जैसे नए-नए डिजाईन के कपड़े कैटलरी की दुकाने, माता एवं बहनों के लिए श्रृंगार का सामानों, ज्वेलरी की दुकानों, बच्चों के खिलौने, स्टील की बर्तन घर की सजावट की समानों अगर आप खरीदारी करते करते थक गए हो तो आप आराम से स्वादिष्ट व्यंजणों का भी मजा ले सकते है। जैसे - दिल्ली का मशहुर होटल, मुज्जफरपुर की मशहुर अमृति, भेलपुरी, आईसक्रीम, हवा मिठाई पॉपकॉर्न, ठंडा एवं लस्सी कम्पनी का आईसक्रीम इत्यादी का मजा ले सकते है ।इस तरह का आयोजन पहली बार किया जा रहा है।मौके पर जितेंद्र कुमार सहित दर्जनों गण्यमान्य मौजूद थे।

### 24 घंटे के अंदर 40 फरार अपरधियों की हुई गिरफ्तारी-एसपी

**नवादा**। अम्बरीष राहुल पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि 22 फरवरी 2024 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, हत्या के प्रयास में 08, मद्य निषेध में 09, अनुसूचित जाति/जनजाति में 03 एवं अन्य गिरफ्तारी 20 कुल 40 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 612 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट का निष्पाद की संख्या 08 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 682 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राषि 50 हजार 500 रूपया वसूला गया है। अन्य बरामदगी अन्तर्गत ट्रैक्टर 03, मोटरसाईकिल 01, तसला 01, गैस सिलेंडर 02, गैस चुल्हा 02, महुआ घोल विनष्ट 13300 लीटर, भट्ठी विनष्ट 01 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस के द्वारा इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों के गिरफ्तारी एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

### रतन माला पंचायत में कुश्ती दंगल प्रतियोगिताका आयोजन आज से

**चाणक्य भूमि। (कनकलता)बेतिया**। रतन माला पंचायत के छवरहिया बनस्पति माई स्थान पर शनिवार के दिन से दो दिवसीय महादंगल कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।जानकारी पैक्स अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने दी।उन्होंने बताया कि महादंगल कुश्ती प्रतियोगिता की पुर जोर तैयारी की गयी है। बताया गया कि कुश्ती दंगल प्रतिगोगिता का उद्घाटन मोतिहारी के चंचल बाबा के कर कमलों से किया जायेगा।तैयारी में रतनमाला पंचायत की मुखिया निर्मला तिवारी,पत्रकार मृत्युंजय पांडेय,पूर्व मुखिया बिजली कुँवर आदि जी जान से जुटे है।

### लौरीया में अपहरण का मामला मारपीट में तब्दील

**लौरिया (प्रियतम कुमार)**| प्रखंड क्षेत्र में अपहरण का मामला मार पीट में बदल गया है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा ने इस मामले में गिरफ्तार एक आरोपी कभलेश प्रसाद को जेल भेज दिया है। इस सम्बंध मे पीड़ित मोहन राय पिता स्व. प्रयाग राय साकीन अहरार पिपरा थाना गौनाहा ने लौरिया थानाध्यक्ष को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित अपने आवेदन में बताया है कि बुधवार के दिन हम तेजस्वी यादव का जनविश्वास सभा देखने लौरिया के साहु जैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में आए थे। वहां तीन लोग आए और मुझे गाली गलौज करने लगे। और आरोप लगा रहे थे कि तुम चैन चोरी किया है उसे दे दो। उसके बाद मुझे पकडकर घर ले गए, काफी मुझे मारा पीटा। रात भर अपने घर में रखा। गुरुवार की सुबह जब पुलिस को इस बात की जानकारी हुई तो मुझे लेकर अपने साथा आए। इस सम्बंध मे थानाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि मोहन राय ने आवेदन दिया है जिसमें पांच लोगो को आरोपी बनाया है। जिसमे एक आरोपी लौरिया बाजार निवासी कमलेश साह पिता गोपाल साह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। शेष आरोपीयो को भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### "ऑनलाइन आवेदन करें किसान,मिलेगी सिचाई के लिये बिजली"

**बेतिया**। प्रखंड क्षेत्र के किसान सिंचाई हेतु विद्युत कनेक्शन के लिए ऑनलाइन के माध्यम से विभाग के वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। इसकी जानकारी प्रखंड सब डिविजनल विद्युत सहायक पदाधिकारी विकास कुमार ने दी।उन्होंने बताया कि विद्युत कर्मियों द्वारा व्यापक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। जानकारी के अभाव में अधिकतर किसान वंचित रह जाते हैं ।उन्होंने बताया कि कार्यालय में भी आवेदन जमा कर सकते हैं ।आवेदन के आलोक में विद्युत कनीय अभियंताओं द्वारा किसान के खेत तक बिजली तार पोल समेत सभी उपकरण की जांच कराई जाएगी जहां किसानों के खेत तक विद्युत सप्लाई हेतु तार पोल की सुविधा नहीं है वहां बहुत जल्द विद्युत सप्लाई हेतु सभी उपकरण उपलब्ध कराते हुए किसानो को कनेक्शन दिया जाएगा।

# जिलाधिकारी का जनता दरबार कई मामलों का हुआ समाधान

**चाणक्य भूमि बेतिया**



जिलाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी, श्री दिनेश कुमार राय ने लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना। संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के समाधान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी के जनता दरबार में 65 से अधिक मामले आये। जनता दरबार में जिन लोगों द्वारा अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया, उनमें शेख अहमद, राजेन्द्र प्रसाद, शत्रुघ्न पटेल, उपेन्द्र कुमार राय, हिमांशु कुमार, शारदा देवी, रामाधार चौधरी, मो0 हारून, ज्ञांती देवी, यशोदा देवी, अवध किशोर साह, रीना कुमारी, छूठ राम आदि के नाम शामिल है। जनता दरबार में कई समस्याओं/शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट समाधान कराया गया। साथ ही कई मामलों में संबंधित अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का समाधान करने के लिए शीघ्र समुचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिन मामलों का समाधान आज नहीं हो पाया, उसे संबंधित विभाग/अधिकारियों को भेजते हुए त्वरित गति से नियमानुकूल समाधान कराने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, राजीव कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, कुमार रविन्द्र, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अमरेन्द्र कुमार, एसडीएम, बेतिया, विनोद कुमार, प्रभारी पदाधिकारी, जनता दरबार कोषांग, बेबी कुमारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, सुजीत कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## रामनगर विधायक ने पुल बनाने के लिए उठाईं आवाज



**चाणक्य भूमि। बेतिया**

गौनाहा प्रखण्ड अंतगर्त्त रामनगर विधानसभा क्षेत्र की विधायक पद्मश्री भागीरथी देवी ने रामनगर व गौनाहा प्रखंड को जोड़ने वाली पहाड़ी नाला पर पुल निर्माण के लिए विधानसभा में आवाज उठाई है। विधानसभा में आवाज उठाते हुए उनका कहना था कि रामनगर प्रखंड के ग्राम लखन खोर से गौनाहा प्रखंड के ग्राम एकडेरवा के बीच पहाड़ी नाला पर क्षेत्र के लोगों के द्वारा चचरी पुल का उपयोग कर आवागमन होता है। जो कभी भी टूट सकता है।पक्का पुल का निर्माण नहीं होने से आवागमन में काफी कठिनाई होती है। विदित हो कि उक्त नाला पर पुल का निर्माण होने से दोनों प्रखंड एक दूसरे से जुड़ जाएंगे। जिससे आवागमन में उक्त प्रखंड के लोगों को काफी सुविधाएं मिलेंगी ।विधानसभा में स्थानीय विधायक पद्मश्री भागीरथी देवी द्वारा पुल निर्माण की आवाज उठाने से भाजपा नेता निरंजन पंजियार, रानू मिश्रा, राजा मिश्रा, सच्चिदानंद चौबे,गुलाब जायसवाल, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष रामसनेही चौरसिया, जदयू अध्यक्ष विक्रमा चौधरी , सूरज चौधरी , राजेश महतो, संजय भारती आदि ने विधायक को बधाई दी है।

**सदस्यों का जिलाधिकारी की उपस्थिति में लिया गया हस्ताक्षर**

# मढ़ौरा प्रखंड प्रमुख पर लगा अविश्वास प्रस्ताव

**चाणक्य भूमि। छपरा**



प्रखंड प्रमुख मढ़ौरा के विरूद्ध लाये गये अविश्वास प्रस्ताव के संदर्भ में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में शुक्रवार को जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में पंचायत समिति के सदस्यों की बैठक बुलाई गई। इस बैठक में सभी 30 सदस्य उपस्थित हुए। यह बैठक माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में पंचायतीराज अधिनियम की धारा 44(3) के तहत अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया लेकर आहुत की गई। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को इस बैठक के उद्देश्य के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। सभी उपस्थित सदस्यों का हस्ताक्षर जिलाधिकारी की उपस्थिति में दर्ज कराई गई। माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले सभी सदस्यों से अविश्वास प्रस्ताव में लगाये गये आरोपों के संबंध में शपथपत्र लिया गया। पंचायतीराज अधिनियम के तहत सक्षम प्राधिकार द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा एवं मतदान के लिए अलग से तिथि निर्धारित की जायेगी। निर्धारित तिथि को आहुत बैठक में सदस्यगण लगाये गए आरोपों के आधार पर आपस में चर्चा कर सकते हैं। चर्चा के उपरांत मतदान की प्रक्रिया अपनाई जायेगी तथा बहुमत के आधार पर निर्णय होगा। बैठक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी, विधि शाखा प्रभारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी मढ़ौरा भी उपस्थित थे।

## सहोदरा थाना झेत्र के बरवा गांव से डेढ़ किलोमीटर दूर सरेह मिला महिला का शव

**55 वर्षीय महिला की गला रेत कर की गई है**

**चाणक्य भूमि। बेतिया**



सहोदरा थाना क्षेत्र अंतगर्त्त बरवा गांव के सरेह में एक महिला के शव मिलने से आस पास के गांवों में सनसनी फैल गई है । वहीं पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दिया है। घटना को लेकर बताया जाता है कि सहोदरा थाना क्षेत्र के बरवा गांव से डेढ़ किलोमीटर दूर दक्षिण पूरब शरेह में एक महिला का शव को पुलिस ने बरामद की है । जिसकी पहचान बारवा गांव निवासी पारस पासवान की 55 वर्षीय पत्नी प्रेम देवी के रूप में की गई है ।इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने बताया है कि सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को बरामद कर लिया है। वहीं थानाध्यक्ष ने बताया है कि महिला की हत्या शुक्रवार को सुबह में धारदार हथियार से गला रेत कर की गई है। हालांकि घटना को लेकर मृतक के परिजन कुछ बताने से इनकार कर रहे हैं ।उनका कहना है कि किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उस महिला की हत्या कर दी गई है। जबकि किसी व्यक्ति से उनका कोई दुश्मनी नहीं है। वहीं थानाध्यक्ष ने बताया है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है ।पोस्टमार्टम के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया जाएगा तथा घटना के कारणो का पता लगाने में पुलिस जुटी हैं। बहुत ही शीघ्र हत्यारों का पता लगा लिया जाएगा ।

## के0के0 पाठक के रहने से शिक्षा में हो रहा गुणात्मक सुधार

**चाणक्य भूमि। नारदीगंज**

शिक्षा विभाग के अपर सचिव के0के0 पाठक के शिक्षा विभाग में रहने से शिक्षा में गुणात्मक सुधार हो रहा है। उक्त बातें जदयू पंचायत अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा। उन्होंने कहा कुछ लोग उन्हें उन्हें इस विभाग से हटाने में लगे हुए हैं, जो अनुचित है। वे लोग उन्हें इस विभाग से हटाकर आने वाले लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने के प्रयास में लगे हुए हैं। वैसे लोगों का इरादा को नाकामयाब होना अति आवश्यक है। ये जबसे शिक्षा विभाग के अपर सचिव के पद पर आये हैं, तब से विद्यालय में काफी हद तक सुधार हुआ है,शिक्षक भी जहां समय पर आने लगे हैं, वही छात्रों को पठन पाठन के साथ बेहतर ढंग से संचालन हो रहा है।

## जिलाधिकारी के जनता दरबार में कई मामलों का हुआ ऑन-द-स्पॉट समाधान

**चाणक्य भूमि। बेतिया**



जिलाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी, श्री दिनेश कुमार राय ने लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना। संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के समाधान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी के जनता दरबार में 65 से अधिक मामले आये। जनता दरबार में जिन लोगों द्वारा अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया, उनमें शेख अहमद, राजेन्द्र प्रसाद, शत्रुघ्न पटेल, उपेन्द्र कुमार राय, हिमांशु कुमार, शारदा देवी, रामाधार चौधरी, मो0 हारून, ज्ञांती देवी, यशोदा देवी, अवध किशोर साह, रीना कुमारी, छूठ राम आदि के नाम शामिल है। जनता दरबार में कई समस्याओं/शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट समाधान कराया गया। साथ ही कई मामलों में संबंधित अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का समाधान करने के लिए शीघ्र समुचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिन मामलों का समाधान आज नहीं हो पाया, उसे संबंधित विभाग/अधिकारियों को भेजते हुए त्वरित गति से नियमानुकूल समाधान कराने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, श्री राजीव कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, श्री कुमार रविन्द्र, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, श्री अमरेन्द्र कुमार, एसडीएम, बेतिया, श्री विनोद कुमार, प्रभारी पदाधिकारी, जनता दरबार कोषांग, श्रीमती बेबी कुमारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, श्री सुजीत कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनसुराज ने किया मदनसाठ में जन संवाद, पंचायत स्तरीय टीम का हुआ गठन




**चाणक्य भूमि। छपरा**

सारण जिला जनसुराज अभियान 'चला गांव की ओर कार्यक्रम' में शुक्रवार को माँझी प्रखंड के मदनसाठ पंचायत के कबीरपार गांव में हिमांशु जी की अध्यक्षता में 'जन संवाद कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति देखते बनी। उक्त कर्यक्रम में एक पंचायत संयोजक तथा 25 सदस्यों वाली एक टीम का भी गठन हुआ। वहीं सभा को उपस्थित जनसुराजियो में अभियान के जिला संयोजक मुन्ना भवानी, जिला अभियान सदस्य नीरज तिवारी, धनंजय महतो, ललन प्रसाद गोंड, रामवती कुंवर, शोभा कुअर, हरे राम सिंह, राजेश सिंह व अमर सिंह आदि ने भी सभा को संबोधित किया। मंच संचालन अभियान के सदस्य रमेश गिरी व धन्यवाद ज्ञापन सारण जिला अभियान संयोजक मुन्ना भवानी ने किया।

## मशरक के कर्ण कुदरिया में सरकारी जमीन पर कब्जा की शिकायत दर्ज



**चाणक्य भूमि। छपरा**

मशरक प्रखंड क्षेत्र के कर्ण कुदरिया पंचायत के कर्ण कुदरिया गांव के वार्ड -7 में सरकारी सड़क पर कब्जा करने की नियत से शौचालय निर्माण और झोपड़ी रख अतिक्रमण करने के मामले में ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय में पहुंच सीओ मशरक को आवेदन सौंपा और सरकारी सड़क पर जमें अवैध अतिक्रमण को हटाने की मांग की। मामले में ग्रामीण रामदेव साह, बासुदेव साह, गणेश साह,कादर साह समेत अन्य ने दिए आवेदन में बताया कि गांव के ही राजेश सिंह सरकारी सड़क पर कब्जा कर अवैध निर्माण कर रहे हैं जिससे आने जाने का सड़क बंद हो जा रहा है।

# अखण्ड अष्टयाम को निकली भव्य कलश यात्रा, 24 घण्टे का अखण्ड अष्टयाम प्रारम्भ





**चाणक्य भूमि। छपरा**

तरैया प्रखंड के शाहनेवाजपुर गांव में एसएस-73 किनारे स्थित टँगरिया बाबा के जन्मभूमि स्थल पर शुक्रवार को 24 घंटे का अखंड अष्टयाम प्रारम्भ हुआ। इसके पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बैंड बाजे और डीजे के साथ हजारों श्रद्धालु भक्त पीला वस्त्र धारण कर शामिल हुए। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से निकली जो एसएच 73 सड़क होते हुए शाहनेवाजपुर गांव का भ्रमण कर टँगरिया बाबा के बगीचे में पहुंची जहां बगीचे में स्थित कुएं से पवित्र जलभरी की गई। ततपश्चात अखण्ड अष्टयाम प्रारम्भ हुआ। मौके पर आचार्य दीपक चौबे, राजू पाठक, मुख्य यजमान रवि भूषण कुमार, छोटेलाल राय, राजेश्वर प्रसाद, ज्ञानेश्वर प्रसाद, रविन्द्र साह, सुरेंद्र साह, किसुनदेव साह, रामेश्वर राय, राजू साह, दीपक साह, रंजन श्रीवास्तव, प्रवीण कुमार, अनुज कुमार, आकाश कुमार, नन्दन कुमार समेत सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित थे।

# एसडीपीओ ने थानाध्यक्षों के साथ मझौलिया में की बैठक, अपराधियों पर नकेल कसने की लिया संकल्प

**मामला लोस चुनाव 2024 को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संचालन का**




चाणक्य भूमि। (कनकलता),बेतिया

लोक सभा चुनाव 2024 को स्वतंत्र,निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण संचालन के लिये मझौलिया थाना परिसर में सम्पन्न पुलिस पदाधिकारियों की एक विशेष बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।बैठक में बेतिया,मोतिहारी,सुगौली रक्सौल के सदर अनुमंडल पदाधिकारी शामिल हुए।यह निर्णय लिया गया कि आग्नेय शस्त्रों की तस्करी,अपराधियों की गिरफ्तारी में तेजी लाने,असमाजिक तत्वोंकी फेहरिस्त तैयार करने,शराब तथा मादक पदार्थो की तस्करी पर अंकुश लगाने आदि पर बिचार विमर्श किया गया।राजनीतिक रूप से सक्रिय ब्यक्ति तथा असमाजिक तत्वों पर निगरानी रखने का रणनीति बनायी गयी।मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बेतिया माहताब आलम,नरकटिया गंज के एसडीपीओजय प्रकाश सिंह,नरकटियागंज केधीरेंद्र कुमार , मलाही ओपी के थानाध्यक्ष,नितिन कुमार,पलानवा के थानाध्यक्षरमेश महतो,रामगढ़वा के थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह,मझौलिया के पुलिस निरीक्षक सह एसएचओ अखिलेश कुमार मिश्र,सुगौली के अंचल निरीक्षक अनिल कुमार राम गढ़वा के सीओ राजा कुमारआदि शामिल रहे।एसएचओ मझौलिया ने बताया कि स्वतंत्र औरनिष्पक्ष मतदान के लिए अबतक चार सौ से अधिक लोगों पर भादवि की धारा 107 की कार्रवाई की गई है।और लोगों को चिन्हित किया जा रहा है।यह संख्या 12 सौं के ऊपर होगी।उन्होंने बताया कि 20 लोगों पर गुंडा एक्ट। तथा दो लोगों पर सीसीए की कार्रवाई की गयी है।अन्य उपस्थित पदाधिकारियो ने अपने अपने बिचारो को रखा तथा कानून व्यवस्था को पूरी तरह से लागू करने का संकल्प लिया।

# प्रखंड कार्यालय परिसर में चोरी पुलिस जाँच में जुटी

**प्रखंड मुख्यालय परिसर से चोरी मामले में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरो की पहचान में पुलिस जुटी हुई है। पूर्व में भी हुई थी चोरी पर पकड़ में नहीं आ पाये चोर**



चाणक्य भूमि। बेतिया

बगहा प्रखंड मुख्यालय परिसर से चोरों द्वारा कुशल युवा कार्यक्रम के केंद्र समेत अन्य कई जगहों से असामाजिक तत्वों द्वारा लोहा एवं अन्य सामग्री चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है इस संदर्भ में कुशल युवा कार्यक्रम के संचालक ने पटखौली ओपी थाना में लिखित आवेदन देकर चोरी करने के आरोप में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज करायी है। साथ ही उन्होंने दिए गए आवेदन के साथ शैक्षणिक प्रतिष्ठान में लगे सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध कराया है जिसमें स्पष्ट रूप से दरवाजे खिड़की समेत अन्य सामानों की चोरी करते चोर की तस्वीर दिख रही है। इस बाबत पटखौली ओपी प्रभारी अनीश कुमार ने बताया कि आवेदन के आलोक में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की पहचान की जा रही है और जल्द ही चोर को गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।

# प्रमुख के पद पर दूसरी बार काबिज हुई चंद्रावती देवी

**बगहा एक प्रमुख व उप प्रमुख पद का चुनाव में निवर्तमान प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने पुनः प्रमुख पद पर कब्जा किया साथ ही उप प्रमुख पद पर सर्वजीत पटेल ने निवर्तमान उपप्रमुख साजिद करीम को पराजित कर जीत हासिल की**

चाणक्य भूमि। बेतिया



शुक्रवार को अनुमंडल कार्यालय में कड़ी सुरक्षा वयवस्था के बीच वरीय उप समाहर्ता व एस डी एम डॉ अनुपमा सिंह की देख रेख में प्रखंड बगहा एक के प्रमुख व उप प्रमुख पद का चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।जिसमे निवर्तमान प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी एक बार फिर दूसरी बार प्रखंड प्रमुख पद पर निर्वाचित हुई तो दूसरी ओर उप प्रमुख पद पर सर्वजीत पटेल ने जीत दर्ज की। हासिल कर लिया है एसडीएम सह निर्वाचि पदाधिकारी डा.अनुपम सिंह ने बताया कि बगहा एक प्रखंड के प्रमुख व उप प्रमुख को लेकर हुए निर्वाचन में चंद्रावती देवी प्रखंड प्रमुख एवं सर्वजीत पटेल उप प्रमुख पद पर निर्वाचित हुए। उन्होंने बताया की प्रमुख पद पर चंद्रावती देवी व सुनीता देवी ने नामांकन दाखिल किया था। चंद्रावती देवी के पक्ष में 18 पंचायत समिति सदस्यों ने मतदान किया तो सुनीता देवी के पक्ष में 16 पंचायत समिति सदस्यों ने मतदान किया वही एक पंचायत समिति सदस्य का वोट रद्द हुआ। ऐसे में चंद्रावती देवी दो मतों से विजई हुई। चंद्रावती देवी को प्रखंड प्रमुख के पद पर निर्वाचित किया गया। वहीं उप प्रमुख के पद लिए सर्वजीत पटेल एवं साजिद करीम ने नामांकन किया। उप प्रमुख पद के लिए कराए गए मतदान में सर्वजीत पटेल को 19 मत एवं उनके प्रतिद्वंदी साजिद करीम को मात्र 14 मत प्राप्त हुआ वही एक वोट रद्द हुआ तो वही एक पंचायत समिति सदस्य ने उप प्रमुख के मतदान प्रक्रिया का बहिष्कार कर दिया ।

# मझौलिया आपूर्ति विभाग में अतिरिक्त आबंटन में गड़बड़ी उजागर

**एसडीओ ने लिया संज्ञान**

चाणक्य भूमि। (बेतिया)

फरवरी माह के अतिरिक्त राशन आबंटन में गड़बड़ी की शिकायत उजागर हुआ है।मामला एसडीओ बिनोद कुमार के संज्ञान में आते ही डीलरों में खलबली मचा है।विक्षुब्ध गुट के डीलरों ने एसडीएम से हस्तक्षेप की मांग की है।उल्लेखनीय है कि एमओ मझौलिया जय प्रकाश मौर्या ने माह फरवरी में समानुपातिक रूप से सभी डीलरों के बीच राशन का आबंटन किया। यह राशन डीलर अभी बांट ही रहे थे कि विभाग के पोर्टल पर पुनः अतिरिक्त कोटा के नाम परआबंटन बिगत 21 फरवरी को जारी किया गया।इस आबंटन में वैसे आठ डीलर शामिल है, जिनका पॉश मशीन में पूर्व का राशन बाँटना बाकी है।गौरतलब बात यह है कि महज 24 घंटे के अंदर गोदाम प्रवन्धक की मिली भगत से अतिरिक्त कोटे के राशन का उठाव कर लिया गया।जब एसडीएम ने मामले में संज्ञान लेते हुए अतिरिक्त कोटे की जांच होने तक आपूर्ति ठप्प करने आदेश दिया है । गोदाम के एजीएम सुरेंद्र यादव ने एसडीओ को बताया कि अतिरिक्त कोटे का उठाव 22 फरवरी को ही कर दिया गया है।एसडीओ की ततपरता से 08 डीलरों में से तीन डीलरों के राशन उठाव पर रोक लगायी गयी है।इनमें अधिकांश डीलर एमओ के चहेते बताये गये है। जिन डीलरों और पैक्स अध्यक्षो पर राशन उठाव पर रोक लगी है ,उनमें सरिसवा के एक और रामनगर बनकट के दो डीलर शामिल है। हालांकि एमओ जयप्रकाश मौर्या ने इस घालमेल में अपनी संलिप्ता से इनकार किया है।उन्होंने कहा कि आबंटन विभाग द्वारा किया गया है। इसमे उनकी कोई संलिप्तता नही है।

# अग्नि सुरक्षा पर मॉक ड्रिल का हुआ आयोजन

**बदलते मौसम में अग्नि सुरक्षा नियमों का करें पालन और जानकारी के लिये अग्निशमन प्रभारी द्वारा नगर के खिरिया घाट में एक निजी विवाह भवन में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया**

चाणक्य भूमि। बेतिया

बदलते मौसमों में अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन कर आगजनी की घटना को कम किया जा सकता है। उक्त बातें गणेश शंकर विद्यार्थी ने जानकारी देते हुए कही। नगर के खिरिया घाट में एक निजी विवाह भवन में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। अग्निशमन पदाधिकारी ने बताया कि जिला मुख्यालय के विभिन्न थाना क्षेत्रो में लगभग आधा दर्जन पंचायत में मॉक ड्रिल कर लोगों को आगजनी सुरक्षा के उपाय के बारे मे बताया। मौक़े पर



आमजनो एवं जनप्रतिनिधियों के साथ विभाग के कई कर्मी मौजूद रहे।

# कर्मचारी हड़ताल पर भितहा पीएचसी में कामकाज ठप

**चिकित्सकों व अस्पताल कर्मचारियों के विवाद की वजह से मरीजों को परेशानी उठानी पडी दिन पर कामकाज ठप रहा प्रभारी के अनुसार विवाद की मुख्य वज़ह डॉक्टर श्वेता रहती है**

चाणक्य भूमि। बेतिया



पीएचसी में चिकित्सकों व अस्पताल कर्मचारियों का विवाद नही थम रहा है। यहां चिकित्सकों व कर्मचारियों की आपसी विवाद से स्वास्थ्य सेवा प्रभावित हो गया है। चिकित्सकों की आपसी विवाद में शुक्रवार को ओपीडी का संचालन नही हुआ है। इससे मरीज वापस लौट गए। इमरजेंसी मरीजों का भी इलाज नही किया गया। इसको लेकर स्थानीय लोगों में काफी रोष है। ग्रामीणों ने इस तरफ जिला प्रशासन सहित स्वास्थ्य विभाग व विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया है। ग्रामीणों के अनुसार यहां सदैव विवाद हो रहा है और आज भी ओपीडी का संचालन नही हुआ। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा.मनोरंजन कुमार ने कहा कि ओपीडी संचालन की रोस्टर के अनुसार ड्यूटी डा.श्वेता रमण की थी। लेकिन वह उन्हें बिना सूचना के अस्पताल से अनुपस्थित है। प्रभारी चिकित्सक ने बताया कि डा.श्वेता रमण सदैव विवाद कर रही है। उनकी मनमानी व उदासीनता चरम पर है। डा.रमण की रवैये से अस्पताल के कर्मी मर्माहत हो गए हैं। प्रभारी चिकित्सक ने कहा कि डा.श्वेता रमण ओपीडी में नहीं पहुंची इससे ओपीडी का संचालन नही हुआ। और अस्पताल कर्मी सहित चिकित्सक उनके रवैये के खिलाफ सुबह से हड़ताल किए हैं। प्रभारी चिकित्सक ने बताया कि रात्रि इमरजेंसी की ड्यूटी भी डा.श्वेता रमण की है। लेकिन वह बिना सूचना अस्पताल नही आई है। इसकी जानकारी सिविल सर्जन को दी गई है। इधर डा.श्वेता रमण ने दूरभाष पर कहा कि ओपीडी में उनकी ड्यूटी थी। लेकिन उपस्थिति पंजी में अवकाश के लिए आवेदन रखकर छुट्टी लिए है। डा.मनोरंजन कुमार कुमार उनके विरुद्ध (डा.श्वेता रमण) अस्पताल कर्मचारियों को गुमराह करके रखे हैं। जनवरी महीने तक तीनों चिकित्सकों का हाजिरी एक हीं पंजी में बनता था। डा.मनोरंजन ने फरवरी महीने से अलग पंजी में हाजिरी बना रहे है। यह नियम विरुद्ध है। भितहा पीएचसी में चिकित्सकों व आस पास के कर्मचारियों की आपसी विद्रोह के चलते चिकित्सीय सेवा प्रभावित हो गयी है। ग्रामीणों का कहना है कि सेवा करने के लिए पदस्थापित चिकित्सकों ने अस्पताल को विवाद का आखाड़ा बना दिया है। यहां से चिकित्सकों को हटाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा.मनोरंजन कुमार ने कहा कि उन्होंने स्वयं सिविल सर्जन व वरीय अधिकारियों को अवगत कराके स्वयं को ही हटाने की मांग किए है। डा.श्वेता रमण प्रभार के लिए सदैव लालायित रहती हैं। डा.मनोरंजन ने कहा कि वह सेवा देने आए हैं। आरोप लगाया कि डा.श्वेता रमण ने इस पीएचसी के माहौल को विवादित बना दिया है। उनके खराब हरकत व रवैये से सभी अस्पताल कर्मचारी परेशान व मर्माहत हो हैं। भितहा पीएचसी में आपसी व कथित व्यक्तिगत विवाद में डॉक्टरों के बीच आरोप प्रत्यारोप जारी है। डा.श्वेता रमण ने कहा कि आसपास में कर्मचारियों को उनके विरूद्ध करने का लगातार षडयंत्र प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी कर रहे हैं।

































स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा ।सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714